संख्या-3/2237/अड़तीस-5-2013-52सम/2013

प्रेषक,

जावेद उस्मानी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1 समस्त मण्डलायुक्त,उत्तर प्रदेश।
2 समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3 अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।

ग्राम्य विकास अनुभाग-5 लखनऊः दिनाक 25 नवम्बर,2013

विषयः-ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित की जा रही ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन) के सर्वागीण विकास के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त अल्पसंख्यक वर्ग को प्रदेश की विकास योजनाओं में उनका वाजिब हक दिलाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में उनकी जनसंख्या के आधार पर 20 प्रतिशत मात्राकरण अल्पसंख्कों हेतु किये जाने का निर्णय लिया गया है ताकि प्रदेश में चलने वाली विभिन्न विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक समुदाय को सामाजिक न्याय की परिधि में लाते हुये उन्हें न्यायोचित हिस्सा मिल सके तथा उनकी सहभागिता सुनिश्चित हो सके। प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को निर्धारित लक्ष्य के के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-1533/52-3-13-सा (30)/13, दिनांक 24-08-2013 निर्गत किया गया है। शासनादेश में चिन्हित कल्याणकारी योजनाओं में ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामीण पेयजल योजना भी सम्मिलित है।

2 शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल पेयजल योजनाओं का लाभ प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय को उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निम्नानुसार कार्यवाही की जायः-

(I) राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के जिन-जिन जनपदों में जितनी संख्या में नई ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाए स्वीकृत होंगी उन-उन जनपदों की अल्पसंख्यक आबादी के प्रतिशत के हिसाब से ही नई ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं अल्पसंख्यक बाहुल्य बस्तियों में स्थापित किये जायेंगे । (प्ररूप-2)

(II) मात्राकरण नवीन स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या के आधार पर ही किया जाय।

(III) प्रयास ये किया जाय कि मात्राकृत धनराशि से उन ग्रामों/ मजरों को आच्छादित किया जाय जिसमें अल्पसंख्यक जनसंख्या 25 प्रतिशत से अधिक हों।

(IV) जनपद स्तर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद को आवंटित लक्ष्य को पूरा करने के लिए जनसंख्यावार ग्राम व अल्पसंख्यक बाहुल्य मजरों को स्थानीय स्तर पर लक्ष्य आवंटित करते हुए यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उनके जनपद को आवंटित लक्ष्य शतप्रतिशत पूर्ति हो जाय। यदि यदि किसी कारण से लक्ष्य प्राप्त नहीं हो पाता है तो विचारोपरान्त प्रकरण तत्काल शासन को संदर्भित किया जाएगा।

(V) उपरोक्त योजना की समीक्षा हेतु निर्धारित प्ररूप-1 संलग्न किया जा रहा है। इस प्रारूप पर प्रत्येक प्रत्येक माह की 07 तारीख तक वांछित विवरण / सूचना शासन के सम्बन्धित विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी। सम्बन्धित विभाग परीक्षणोपरान्त प्रत्येक माह की 12 तारीख तक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को संकलित रूप से विवरण उपलब्ध करायेंगे।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत पाइप पेयजल योजनाओं का लाभ प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय को उपरोक्तानुसार उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में कार्यवाही करते हुए योजना से सम्बन्धित शासनादेश संख्या-1533/52-3-13-सा (30)/13, दिनांक 24-08-2013 में निर्धारित अन्य शर्तो / प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

संलग्नकः यथोक्त।

भवदीय,
(जावेद उस्मानी)
मुख्य सचिव।

संख्याः 2237(1)/अड्तीस-5-2013, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
(2) सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) आयुक्त, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(4) निदेशक, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश।
(5) प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम, लखनऊ।
(6) प्रबन्ध निदेशक, यू०पी० स्टेट एग्रो इण्डस्ट्रियल कार्पो० लि० लखनऊ।
(7) समस्त मुख्य विकास अधिकारी/ जिला विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(8) निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(9) समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(10) गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(अरुण सिंघल)
प्रमुख सचिव।

विभाग का नाम-

माह

प्ररूप-1

**प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यकों को अनुमन्य कराये जाने की योजना की मासिक समीक्षा का निर्धारित प्ररूप ।**

| क्र0सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | अल्पसंख्यकों हेतु मात्राक़त वार्षिक लक्ष्य | इकाई | संदर्भित माह तक उपलब्धि का प्रतिशत | उपलब्धि का प्रतिशत | सन्दर्भित माह तक लक्षित उपलब्धि का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

http://shasanadesh.in

प्रारूप-2

शासनादेश संख्या- 2237 /38-5-2013, दिनांक 25 नवम्बर, 2013 का संलग्नक

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के अन्तर्गत कवरेज (सामान्य) कम्पोनेन्ट से स्वीकृत नयी ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का अल्पसंख्यक जनसंख्या के अनुपात में विभाजन हेतु सूची।

| क.सं. | जिले का नाम | जनपद की 2013 की जनसंख्या | जनपदवार अल्पसंख्यकों की जनसंख्या | अल्पसंख्यक जनसंख्या का प्रतिशत (%) | जनपद में स्वीकृत नई ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित मजरों की कुल संख्या | कुल आच्छादित मजरों में से अल्पसंख्यक बाहुल्य मजरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सहारनपुर | 2495850 | 1275979 | 51 | | |
| 2 | मुजफ्फरनगर | 2013598 | 584763 | 29 | | |
| 3 | शामली | 1056690 | 313781 | 30 | | |
| 4 | मेरठ | 1751887 | 666715 | 38 | | |
| 5 | बागपत | 1069144 | 310888 | 29 | | |
| 6 | गाजियाबाद | 817576 | 128635 | 16 | | |
| 7 | हापुड़ | 762286 | 280430 | 37 | | |
| 8 | गौतमबुद्धनगर | 700758 | 135757 | 19 | | |
| 9 | बुलन्दशहर | 2737012 | 603488 | 22 | | |
| 10 | मुरादाबाद | 2000035 | 942102 | 47 | | |
| 11 | अमरोहा | 1436768 | 720711 | 50 | | |
| 12 | बिजनौर | 2867697 | 862378 | 30 | | |
| 13 | सम्भल | 1751551 | 431305 | 25 | | |
| 14 | रामपुर | 1817059 | 956667 | 53 | | |
| 15 | बदायूं | 2733525 | 569968 | 21 | | |
| 16 | बरेली | 2419422 | 1069247 | 44 | | |
| 17 | पीलीभीत | 1746776 | 485122 | 28 | | |
| 18 | शाहजहाँपुर | 2508944 | 501173 | 20 | | |
| 19 | अलीगढ़ | 2554966 | 491925 | 19 | | |
| 20 | (हाथरस) | 1281296 | 142113 | 11 | | |
| 21 | एटा | 1566592 | 220821 | 14 | | |
| 22 | कासगंज | 1194452 | 147257 | 12 | | |
| 23 | मथुरा | 1862839 | 156884 | 8 | | |
| 24 | आगरा | 2490386 | 266904 | 11 | | |
| 25 | फिरोजाबाद | 1731586 | 251834 | 15 | | |
| 26 | मैनपुरी | 1643290 | 118771 | 7 | | |
| 27 | लखीमपुर खीरी | 3702616 | 809034 | 22 | | |
| 28 | सीतापुर | 4111336 | 795249 | 19 | | |
| 29 | हरदोई | 3693081 | 515561 | 14 | | |
| 30 | रायबरेली | 2245954 | 235382 | 10 | | |
| 31 | लखनऊ | 1612876 | 362099 | 22 | | |
| 32 | उन्नाव | 2679790 | 321136 | 12 | | |
| 33 | कानपुर देहात | 1687775 | 179559 | 11 | | |
| 34 | कानपुर नगर | 1628248 | 297597 | 18 | | |
| 35 | फर्रुखाबाद | 1527780 | 239359 | 16 | | |
| 36 | कन्नौज | 1430806 | 234513 | 16 | | |
| 37 | इटावा | 1264131 | 102046 | 8 | | |
| 38 | औरैया | 1191136 | 96547 | 8 | | |

| क्र.सं. | जिले का नाम | जनपद की 2013 की जनसंख्या | जनपदवार अल्पसंख्यकों की जनसंख्या | अल्पसंख्यक जनसंख्या का प्रतिशत (%) | जनपद में स्वीकृत नई ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं से आच्छादित मजरों की कुल संख्या | कुल आच्छादित मजरों में से अल्पसंख्यक बाहुल्य मजरों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | जालौन | 1321917 | 148251 | 11 | | |
| 40 | झाँसी | 1211724 | 112820 | 9 | | |
| 41 | ललितपुर | 1088063 | 54896 | 5 | | |
| 42 | बांदा | 1584601 | 136012 | 9 | | |
| 43 | महोबा | 718200 | 47885 | 7 | | |
| 44 | चित्रकूट | 931214 | 32703 | 4 | | |
| 45 | हमीरपुर | 930214 | 87962 | 9 | | |
| 46 | बाराबंकी | 3047092 | 682673 | 22 | | |
| 47 | फैजाबाद | 2215973 | 336054 | 15 | | |
| 48 | अम्बेडकरनगर | 2201844 | 384772 | 17 | | |
| 49 | सुल्तानपुर | 2391627 | 252289 | 11 | | |
| 50 | अमेठी | 2324975 | 206557 | 9 | | |
| 51 | बहराइच | 3331834 | 950917 | 29 | | |
| 52 | बलरामपुर | 2061565 | 717912 | 35 | | |
| 53 | श्रावस्ती | 1121860 | 369486 | 33 | | |
| 54 | गोंडा | 3337246 | 628378 | 19 | | |
| 55 | सिद्धार्थनगर | 2494550 | 718723 | 29 | | |
| 56 | बस्ती | 2419422 | 380561 | 16 | | |
| 57 | संत कबीरनगर | 1650118 | 433918 | 26 | | |
| 58 | महाराजगंज | 2651972 | 452237 | 17 | | |
| 59 | गोरखपुर | 3748957 | 364463 | 10 | | |
| 60 | देवरिया | 2895509 | 354482 | 12 | | |
| 61 | कुशीनगर | 3532294 | 595717 | 17 | | |
| 62 | बलिया | 3053092 | 213340 | 7 | | |
| 63 | आजमगढ़ | 4389332 | 702930 | 16 | | |
| 64 | मऊ | 1775030 | 362852 | 20 | | |
| 65 | गाजीपुर | 3479744 | 365321 | 10 | | |
| 66 | चन्दौली | 1778611 | 193587 | 11 | | |
| 67 | जौनपुर | 4313529 | 495155 | 11 | | |
| 68 | वाराणसी | 2162982 | 382882 | 18 | | |
| 69 | इलाहाबाद | 4660779 | 615991 | 13 | | |
| 70 | कौशाम्बी | 1534146 | 206074 | 13 | | |
| 71 | प्रतापगढ़ | 3155255 | 456951 | 14 | | |
| 72 | फतेहपुर | 2403170 | 349397 | 15 | | |
| 73 | मिर्जापुर | 2235379 | 176307 | 8 | | |
| 74 | रविदास नगर | 1402867 | 181055 | 13 | | |
| 75 | सोनभद्र | 1610146 | 89739 | 6 | | |
| | **योग** | **160954347** | **30064949** | 19 | | |

* ऐसे मजरों को अल्पसंख्यक बाहुल्य माना जाय जिनमें अल्पसंख्यकों की आबादी 25 प्रतिशत या इससे अधिक हो।

(शिव कुमार पाठक)
अनु सचिव।